### खबर संक्षेप

## 22 वाहनों पर हुई चालानी कार्यवाही, काली फिल्म निकाली

**कटनी।** एसपी के निर्देशन में स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए लगातार वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। जिसके तहत गत दिवस एसएसटी नाका ग्राम छपरा मे सघन वाहन चेकिंग के दौरान के वाहनों में लगी काली फिल्म व पदनाम वाली नंबर प्लेट्स निकलवा कर चालानी कार्यवाही की गयी। कुल 22 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई, एवं वाहन चैकिग दौरान स्कॉर्पियो वाहन क्र. एम पी 18 सी ए 2632 को चेक किया गया जिसमे 561 फीस रेडीमेड कपड़े व 18 बाक्स पेन्ट के कीमती 1 लाख 65 हजार 583र रुपए के मिले जिन्हें जब्त किया गया। मौके पर कपड़े के दस्तावेज के सबंध मे पूछताछ किया गया जो अम्बिका ट्रेडर्स जबलपुर से लाकर जय माता दी स्टोर्स जनकपुर ले जाना बताया तथा समस्त दस्तावेज की तस्दीक किया गया। सही पाये जाने से छोड़ा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, उप निरी काशीराम झरिया , प्र.आर. अंजनी मिश्रा, तेजप्रकाश सिंह ,अंकित दुबे की सराहनीय भूमिका रही ।

## निकाली गई प्रभात फेरी, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**कटनी।** सिंधु नौजवान मंडल के तत्वाधान में भगवान श्री झूलेलाल की प्रभात फेरी बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। प्रभात फेरी का जगह-जगह स्वागत हुआ, श्रद्धालु जनों ने पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। 5 अप्रैल शुक्रवार को सतगुरू बाबा ईश्वर शाह जी के सानिध्य में सत्संग से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज किया जाएगा। आगामी 6 अप्रैल शनिवार को बाल फैंसी ड्रेस व मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 7 अप्रैल रविवार को शहेरा वाले साहिब का दिव्य दरबार व राजस्थान के नानस्टाप सिंधी सिंगर की प्रस्तुति 8 अप्रैल सोमवार को दिल्ली की मशहूर गायिका लता लालवानी की प्रस्तुति व मुंबई के कलाकारो द्वारा कामेडी नाइट शो का आयोजन चड्ढा कॉलेज परिसर में किया गया है। 9 अप्रैल को आम भण्डारा, 10 अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा का आयोजन सिंधु नौजवान मंडल के तत्वाधान में झूलेलाल मंदिर गुरूनानक वार्ड से किया गया है जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मसुरहा घाट पहुंचेगी।

## नाली निर्माण नहीं होने से हो रही दिक्कत



**सिलौंडी।** सिलौंडी में एक से डेढ़ माह पहले सड़क निर्माण हो चुका है । ठेकेदार ने अभी तक नाली नहीं बनाई गई जिससे स्थानीय दुकानों में नाली का गंदा पानी भरने की समस्या हो रही है। ग्राम के पंच रघुवीर सिंह ने बताया कि ठेकेदार ने सडक तो एक माह पहले ही बना दी है परन्तु अभी तक नाली का निर्माण नही है जिससे घरों का गंदा पानी स्थानीय दुकानों में भर रहा है जिससे उनकी सामग्री भी खराब हो जाती है। मुख्य मार्ग के किनारे रहने वाले लोग परेशान है । सोसायटी मार्ग के बाजू में महेन्द मोबाइल में रोज ही गंदा पानी जाता है जिससे उसकी दुकान के मोबाइल भी खराब जाते है। लोगों ने अनेक बार शिकायत कर दी। ग्राम के लोगों ने जल्द से जल्द नाली निर्माण करने की मांग की है।

## मतदान के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**कटनी।** लोकसभा चुनाव के तहत शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के मद्देनजर इस दिन संपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र में निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत सार्वजनिक अवकाश रहेगा।
राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

### आचार संहिता का पालन कराने तथा अवैध गतिविधियों को रोकने पुलिस द्वारा की जा रही सतत कार्यवाही

# गुण्डे- बदमाशों पर हुई कार्यवाही, जांच में लाखों रूपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने एवं अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए जिले भर में पुलिस सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। कुठला पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में सक्रिय निगरानी शुदा बदमाशों एवं अपराधियों के ठिकानों पर दबिश देकर उन्हें थाने लाया गया और उनकी परेड कराई गई। कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत रंजन के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में कुठला पुलिस के द्वारा रात्रि कांबिंग गस्त के दौरान कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के सभी निगरानी बदमाश और गुंडा बदमाशों को चेक किया गया वा उनसे पूछताछ की कार्रवाई रात भर चलती रही।

पुलिस के द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर बदमाशों के पसीने छूट गए। पुलिस की इस कार्रवाई से थाना क्षेत्र में अपराधियों में खौफ है। क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुलिस की टीम के द्वारा सभी





निगरानी बदमाशों को थाने में लाकर पूछताछ की गई। पुलिस की इस तरह की कार्यवाही के कारण क्षेत्र के आपराधिक तत्वों में हड़कंप की स्थिति निर्मित है।

### सटोरियों पर कार्यवाही

सटोरियो के द्वारा आई. पी.एल मे अवैध रूप से सट्टा खिलाने वालो के विरूध्द कार्यवाही करते हुए रायल चैलैंजर बैग्लोर व कोलकत्ता नाईट राईडर के मैच मे सट्टा खिलाते पाये जाने वाले दो व्यक्तियो के विरूध्द पृथक पृथक कार्यवाही कर दो आरोपी अजय थारवानी ऊर्फ पप्पन एवम् मोहित परस्वानी के कब्जे से दो मोबाईल फोन कीमती 1,19,000 रूपये, महिंद्रा थार कार कीमती 1400000 रूपये एवं नगदी 4100 रूपये जप्त की गई है।

### बाक्साइड लोड ट्रेक्टर जब्त

आदेशो के परिपालन मे आचार संहिता के प्रभावी होने से वाहनो की चैकिगं की गई। इसी प्रकार संघन पेट्रोलिगं के दौरान ट्रेक्टर मय ट्राली के बाक्साईट की चोरी करते पाये जाने पर वाहन चैकिगं के कुल 50 हजार रूपये की फ्रीबीज विधिवत जप्त की गई है। एक सोनालिका टेक्टर (बाक्साईट जैसा खनिज कीमती) भरी हुई कीमती 5 लाख रूपये की विधिवत जप्त कर कार्यवाही की जा रही है।

### प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था भंग करते पाये जाने वाले 05 व्यक्तियो के विरूध्द धारा 151 जाफौ के तहत कार्यवाही कर एवं कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु 14 व्यक्तियो के विरूध्द धारा 107,116 (3) जाफौ के तहत प्रत्तिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। सघन कोबिंग गशत के दौरान फरार चल रहे 04 स्थाई एवं 03 गिरफ्तारी वारण्टी तामील किये गये , इसी प्रकार क्षेत्र मे सक्रिय रूप से अपराध मे संलिप्त गुण्डे एवं निगरानी बदमाशो की चैकिगं की गई। मंदिर, मस्जिद, बैंक, एटीएम, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड मे लगातार चैकिंग की गई। इसी तारतम्य मंदिर, मस्जिद, बैंक व एटीएम, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड को चैक किए गए। थाना माधवनगर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले होटल व ढाबा संचालको को चेतावनी दी गई है।

विजयराघवगढ़ पुलिस ने 1 लाख 54 हजार 420 रुपए कैश जब्त किया। थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने बताया कि पुलिस के द्वारा आदर्श आचार संहिता के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के पालन में संदिग्ध वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। कैमोर रोड पर चेकिंग के दौरान स्कूटी क्रमांक एम.पी. 21 एम.व्ही. 4203 को रोककर चैक किया गया तो स्कूटी की डिक्की में थैले के अंदर 1 लाख 54 हजार 420 रुपए नगद रखे मिले।

वाहन चालक से नाम पता व उक्त राशि के संबंध में पूछने पर उसने अपना नाम अमित कुमार शर्मा पिता अशोक कुमार शर्मा उम्र 44 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 12 विजयराघवगढ़ व सांई भारत गैस एजेंसी में खुद को कैशियर के पद पर कार्य करना व उक्त राशि गैस एजेंसी की बिक्री की होना बताया। जिसे लेकर एस.बी.आई. की कैश मशीन में जमा करने जाना बताया। उक्त राशि को राहगीर गवाहानों के समक्ष पंचनामा तैयार कर मौके पर जब्त किया गया। चालक अमित कुमार शर्मा के द्वारा उक्त राशि के संबंध में वैद्य दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत किये गये। दस्तावेजों के सत्यापन पर उक्त जब्त राशि को अमित शर्मा को सुपुर्द किया गया।

### 5 शैक्षणिक संस्थानों में तीन दिवसीय दिया जाएगा प्रशिक्षण

## 5677 मतदान कर्मियों को कल से दिया जायेगा प्रशिक्षण, 54 मास्टर ट्रेनर्स को सौंपा दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान दलों का प्रशिक्षण जिले के 5 शैक्षणिक संस्थानों के 27 कक्षों में 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक आयोजित किया गया है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने मतदान दलों को प्रशिक्षण प्रदान करनें हेतु जिला स्तर एवं विधानसभा स्तर के मास्टर ट्रेनर्स को नियत तिथियों एवं शिफ्ट में प्रशिक्षण केन्द्रों में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है।

विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान दलों को 5 शैक्षणिक



संस्थानों में कुल 54 मास्टर ट्रेनर्स एवं 18 रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान दल के कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।

### प्रशिक्षण स्थल

प्रशिक्षण हेतु चयनित स्थलों में पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक तक कक्ष क्रमांक 1 से 10 तक में कुल 20 मास्टर ट्रेनर्स एवं 8 रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 2498 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जबकि नालंदा महाविद्यालय झिंझरी कटनी के कक्ष क्रमांक 1 एवं 2 में कुल 4 मास्टर ट्रेनर्स एवं 2 रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 520 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

इसी तरह नालंदा हायर सेकेंडरी स्कूल झिंझरी के कक्ष क्रमांक 1, 2 एवं 3 में 6 मास्टर ट्रेनर्स एवं 2 रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 600 कर्मचारियों को तथा सी.एम.राइज स्कूल झिंझरी के कक्ष क्रमांक 1, 2, 3 एवं 4 में कुल 8 मास्टर ट्रेनर्स एवं 2 रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 459 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा सेंटपाल स्कूल झिंझरी के कक्ष क्रमांक 1 से 8 तक में कुल 16 मास्टर ट्रेनर्स एवं 4 रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 1600 कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

नोडल अधिकारी प्रशिक्षण ने संस्था प्रमुख को प्रशिक्षण केन्द्र में बैठक, प्रकाश पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए है।

## मंडी से लेकर बाजार में बढ़ी तरबूज की मांग



मौसम ने टेम्प्रेचर बढ़ा दिया है। चौक-चौराहों में नींबू पानी के ठेले सजे हुए हैं। फल बाजार भी गर्मी की वजह से अच्छा कारोबार हो रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बाजार में तरबूज, खरबूजा, अंगूर, संतरा की मांग जबर्दस्त है। गर्मी के मौसम में ठंडे फलों की मांग बढ़ गई है। इनमें सबसे ज्यादा मांग तरबूज और संतरा की बढ़ी है। सब्जी मंडी से लेकर सड़क किनारे तरबूज देखे जा सकते हैं। गर्मी के मौसम में तरबूज लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। तरबूज का रेट भी दूसरे फलों से कम है। इसकी कम रेट होने के अलावा यह गर्मी में फायदा भी करता है, इसलिए बड़ी संख्या में लोग इसे खरीद रहे हैं। गर्मी के लिए ककड़ी और खीरा शरीर को ठंड रखने में बहुत फायदेमंद होते है। इसकी बिक्री शुरू हो चुकी है।

### प्रचार के दौरान उम्मीदवार बच्चों को न गोद में उठाए न वाहन में बैठाएं

## दलों को चुनाव आयोग की चेतावनी, रैली व प्रचार में बच्चे न करें शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को दिशा-निर्देश जारी कर प्रचार में किसी भी तरह से बच्चों को शामिल न करने को कहा है। आयोग ने जारी एडवाइजरी में सभी राजनीतिक दलों से कहा कि चुनाव संबंधी कार्यो या चुनाव अभियान गतिविधियों में बच्चों को शामिल करना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

आम चुनाव में प्रचार के पर्चे बांटते हुए, पोस्टर चिपकाते हुए, नारे लगाते हुए या पार्टी के झंडे बैनर लेकर चलते हुए बच्चे या नाबालिग नहीं दिखने चाहिए। उम्मीदवारों को प्रचार के दौरान न तो बच्चों को गोद में उठाना है, न ही वाहन में बैठाना है। इसके अलावा कविता पाठ, गाने, नारे बोले गए शब्द, पार्टी या उम्मीदवार के प्रतीक चिन्हों के प्रदर्शन के जरिए भी बच्चों को चुनाव अभियान में शामिल नहीं कर सकते। ऐसा करने पर बाल श्रम से संबंधित सभी अधिनियम, कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी को दी गई है।

आयोग ने कहा है कि राजनीतिक दलों व उम्मदवारों को बाल श्रम (निषेध और विनियमन) द्वारा संशोधित बाल श्रम (निषेध व विनियमन) अधिनियम, 1986 का कड़ाई से पालन करना आवश्यक है। साथ ही, बॉम्बे हाईकोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि राजनीतिक दल संशोधित अधिनियम, 2016 का पालन सुनिश्चित करें।

### इस मामले में दी है छूट

आयोग ने कहा कि अगर राजनीतिक नेता के निकट बच्चा अपने माता-पिता या अभिवावक के साथ उपस्थित है और किसी चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं है तो इसे दिशा-निर्देश का उल्लंघन नहीं माना जायेगा।

### अपराधिक गतिविधियों में लगातार सक्रियता के चलते कार्यवाही

## कलेक्टर द्वारा दो आदतन अपराधियों के विरुद्ध की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भय-रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 को संपन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अवि प्रसाद ने जिले के एक आदतन अपराधी के विरुद्ध बाउंड ओवर और एक अन्य आदतन अपराधी के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही कर संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया हैं। कलेक्टर अवि प्रसाद ने उक्त कार्यवाही एसपी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा थाना बहोरीबंद अंतर्गत ग्राम गाताखेडा निवासी 45 वर्षीय गुड्डू उर्फ बसंत सेंगर पिता रधुवीर सिंह सेंगर के विरूद्ध बाउण्ड ओव्हर कर संबंधित थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है।

गुड्डू वर्ष 1998 से लगातार आपराधिक गतिविधयों में संलग्न है। इसके विरूद्ध थानों मे महिला संबंधी, मारपीट एवं लोगों को डरानें धमकाने, जानवरों को अनावश्यक परेशान करने संबंधी अपराध पंजीबद्ध उपरांत विवेचना उपरांत न्यायालय में विचाराधीन है। गुड्डू के विरूद्ध समय- समय पर आपराधिक गतिविधियों मे अंकुश लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने के बाद भी इसकी आपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अवि प्रसाद नें गुड्डू उर्फ बसंत सेंगर को 3 माह की अवधि तक माह माह मे एक दिवस अपनी उपस्थिति बहोरीबंद थाने में दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

इसी प्रकार कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद ने म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा के तहत थाना माधवनगर कटनी अंतर्गत एम.आई.जी 449 मानसरोवर कालोनी निवासी करन बिहारी राजपूत पिता रूपनारायण रजपूत उम्र 34 वर्ष के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की है।

करन बिहारी राजपूत असामाजिक तत्व एवं आदतन अपराधी है इसके विरूद्ध मारपीट करने , जान से मारने की धमकी देने, अवैध वसूली करने संयुक्त रूप से अपराध धटित कर दहशत का वातावरण निर्मित करनें जैसे अपराध पंजीबद्ध तथा न्यायालय में विचाराधीन है। इसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लाने हेतु समय-समय प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के उपरांत भी इसके कृत्यों पर कोई सुधार नहीं होने तथा शांति व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नें करन बिहारी राजपूत को 24 घंटे के भीतर जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना, उमरिया की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए बाहर चले जाने का आदेश दिया है।

### शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित

## रैली एवं नुक्कड़ नाटक से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर स्वीप अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा मे मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक अरविंद शाह के नेतृत्व में शासकीय महाविद्यालय उमरियापान की छात्राओं के मध्य मेंहदी प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओ द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की जाकर एक दूसरे के हाथों में मेंहदी लगाकर मतदान के लिए प्रेरणादायक चित्रों एवं नारों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। विकासखण्ड समन्वयक अरविंद शाह द्वारा सभी लोगो से लोभ, लालच और भय के बिना लोकतंत्र को मजबूत और सफल बनाने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्रों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वयं मतदान करने तथा अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई।






### आनंद ग्राम पिपरिया में रैली

राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग, की टीम एवं यूनिक आनंद क्लब, कटनी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को आनंद ग्राम पिपरिया में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान दीवार लेखन, जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आनंद ग्राम पिपरिया के नागरिकों को लोकसभा निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता निभाने हेतु प्रेरित किया गया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ग्राम के सरपंच के साथ जागरूक नागरिक, आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर एवं यूनिक आनंद क्लब के सदस्यों की उपस्थिति रही।

### 164 अपराधियों के खिलाफ धारा 110 तथा 820 प्रकरणों में धारा 107 व 116 के तहत हुई कार्यवाही

## बदमाशों एवं अपराधिक तत्वों पर सतत की जा रही कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद शांतिपूर्ण, निर्विध्न, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के उद्वेश्य से जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा गुंडे, बदमाश और आदतन अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही का सिलसिला सतत जारी है। जिले के अपराधों पर नियंत्रण और शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने अपराधिक प्रवृत्ति एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के आदेश पहले ही जारी कर दिया था।

### शांति व्यवस्था बिगाड़ने के मामलों में कार्यवाही

जिले में शांति व्यवस्था बिगाड़ने के 820 प्रकरणों में 897 लोगों पर धारा 107, 116 (3) के तहत कार्यवाही की गई है। जबकि 164 लोगों के विरूद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 110 के तहत कार्यवाही की गई है।इसी तरह धारा 151 के तहत 149 लोागें तथा धारा 122 के तहत 4 लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। निर्वाचन के दौरान शांति व्यवस्था के मद्देनजर 26 अपराधियों को जिला बदर किया गया है तो वहीं 136 व्यक्तियों पर बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही की गई है।

**खबर संक्षेप**

### माईक्रो आबजर्बर का प्रशिक्षण 6 अप्रैल को

**कटनी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु माईक्रो आबर्जबर का प्रशिक्षण 6 अप्रेल को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। जिसमें नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी के साथ संलग्न माईक्रो आबर्जबर को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण शिशिर गेमावत ने संलग्न माईक्रो आबजर्बर को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करनें हेतु निर्देशित किया है।

### कर्मचारियों का प्रशिक्षण 5 अप्रैल को

**कटनी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु मोबाईल मतदान दल के नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी के साथ संलग्न स्टाफ का एक दिवसीय प्रशिक्षण 5 अप्रेल को दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण श्री शिशिर गेमावत ने मोबाईल मतदान दल में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करनें हेतु निर्देशित किया है।

### जांच दौरान आटो से कपड़े व लोडर में मिले बर्तन



**कटनी।** चौकी प्रभारी झिंझरी व थाना माधवनगर स्टाफ द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गत देर शाम को झिंझरी नाके पर सघन वाहन चैकिंग लगाई गई। जानकारी देते हुए झिंझरी चौकी प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि वाहन चैकिंग के दौरान आटो क्रं. MP21R3121 को रोककर चैक किया गया जिसमे 2700 नग पेटीकोट (कपड़े) कीमती लगभग 2 लाख 29 हजार 5 सौ रुपये के लोड़ थे। वाहन चालक द्वारा मौके पर कोई दस्तावेज पेश नही करने पर वाहन को जप्त कर चौकी लाया गया। जहां कुछ समय पश्चात संबंधित कपड़े के मालिक हिमांशू थारवानी द्वारा वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर सही पाये जाने से उक्त कपड़े मालिक हिमांशू थारवानी को सुपुर्द किया गया। इसी तरह एक अन्य कार्यवाही में लोडर वाहन क्रं.MP20LA7032 मे 240 किलो स्टील के बर्तन कीमती लगभग 48 हजार 882 रुपये के मौके पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही करने के कारण जप्त कर चौकी लाया गया। कुछ समय पश्चात सुमित ताम्रकार द्वारा बर्तनों के वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर सही पाये जाने से उक्त बर्तनों को सुपुर्द किया गया। जांच कार्यवाही करते हुए मोटरव्हीक्ल एक्ट के तहत 26 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई व समन शुल्क 88 सौ रुपये वसूल किया गया। उक्त चैकिग के दौरान कुल रुपये 2 लाख 78 हजार 382 रुपये की फ्री बीज़ की जप्ती की कार्यवाही की गई।

### हथियार लहराकर आतंक फैला रहे दो बदमाश पकड़ाये

**कटनी।** थाना रंगनाथ पुलिस द्वारा गत दिवस एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्यवाहियां करते हुए अवैध शराब के चार ठिकानों में दबिश देकर आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा क्षेत्र में हथियार लहराकर आतंक फैला रहे दो बदमाशों को भी दबोचने में पुलिस को सफलता मिली। कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी देते हुए रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि ओ.एफ.के.बजरिया में अवैध शराब का विक्रय करते पाए जाने पर गोविन्द चौधरी पिता रामनाथ चौधरी उम्र 29 साल निवासी लखेरा थाना रंगनाथनगर के विरुद्ध 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 50 पाव प्लेन शराब, 45 पाव देशी मदिरा मशाला कुल 95 पाव शराब जब्त की गई।

## कलेक्टर द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों की नियमित की जाती है समीक्षा

# 23 वर्षों से लंबित रिट याचिकाओं में रखा पक्ष, 548 याचिकाओं में जवाब दावा पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उच्च न्यायालय में कटनी जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित पिछले 23 वर्षो से प्रचलित 1025 रिट याचिकाओं का मध्यप्रदेश राज्य मुकदमा प्रबंधन नीति के दिशा- निर्देशों के अनुरूप प्रभावी प्रबंधन की वजह से शासन का पक्ष मजबूती से रखा जा सका। कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन मे लंबित याचिकाओं में समय पर जवाबदावा और पालन प्रतिवेदन दाखिल कराने के कार्य को सुगम बनानें एन.आई.सी के साफ्टवेयर के प्रयोग की पहल की गई। जिससे हर याचिका में तय समय - सीमा में जवाबदावा और पालन प्रतिवेदन दाखिल करने की व्यवस्था को मजबूती मिली। जिससे मात्र एक साल की कम अवधि मे ही लंबित याचिकाओं की संख्या में रिकार्ड कमी परिलक्षित हुई है।

### याचिकाओं में जवाबदावा पेश

उच्च न्यायालय में लंबित कटनी जिले के



विभिन्न विभागों के रिट याचिकाओं की कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा समय-सीमा बैठकों में की गई निरंतर समीक्षा और निगरानी की वजह से एक साल से कम अवधि के भीतर ही रिकार्ड 548 याचिकाओं पर जवाबदावा प्रस्तुत किया गया। इनमें से 71 प्रकरणों का निराकरण भी हो गया। वहीं 82 प्रकरणों में शासकीय अधिवक्ता द्वारा जवाबदावा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होने का अभिमत दिया गया।

### विभागीय लिपिकों को किया सम्मानित

न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य वाले कलेक्ट्रेट की एस.डब्ल्यू शाखा में पदस्थ लिपिकों ओमप्रकाश तिवारी एवं शैलेन्द्र देशमुख को बेहतर कार्य के लिए हाल ही मे कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है।

### मुकदमों के प्रबंधन में आई.टी का प्रयोग

उच्च न्यायालय से संबंधित सभी याचिकाओं का अभिलेख पहले मैन्युअल पंजी मे संधारित किया जाता था। जिससे समय पर पालन प्रतिवेदन और जवाबदावा प्रस्तुत करने में विलंब हो जाया करता था। लेकिन कलेक्टर श्री प्रसाद ने पिछले एक साल में उच्च न्यायालय से संबंधित सभी याचिकाओं के प्रभावी पर्यवेक्षण की दृष्टि से अभिलेख प्रबंधन व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण कराया। जिसके तहत न्यायालयीन प्रकरणों की निगरानी हेतु एन.आई.सी द्वारा तैयार विशेष साफ्टवेयर वेब सक्षम प्रबंधन सूचना प्रणाली में सभी याचिकाओं की फीडिंग की गई। जिससे याचिकाओं मे प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति और प्रभारी अधिकारीवार लंबित याचिकाओं की मॉनिटरिंग करने में सहूलियत हुई और समय पर जवाबदावा दाखिल किया जाने लगा।

### डिप्टी कलेक्टर को बनाया प्रभारी अधिकारी

उच्च न्यायालय में जिले के लंबित प्रकरणों की बडी संख्या को देखते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद ने लंबित रिट याचिकाओं में समय पर जवाबदावा प्रस्तुत कराने हेतु डिप्टी कलेक्टर श्री प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को एस.डब्ल्यू शाखा की जवाबदेही सौपी। जिस वजह से याचिकाओं का व्यवस्थित समीक्षात्मक मूल्यांकन होने लगा और पूर्ण प्रतिबद्धता और दायित्वबोध के साथ समय पर प्रतिवाद दाखिल किया जाने लगा।



# जानकारी प्राप्त करने एवं शिकायत के लिए करें कॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के मार्गनिर्देशन में कलेक्टर कार्यालय के ई-दक्ष केन्द्र में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये टेली कॉलिंग कॉल सेंटर 1950 स्थापित किया गया है। इस टेली कॉलिंग कॉल सेंटर से संपर्क करने वाले आवेदकों को निर्वाचन से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिये उचित परामर्श दिया जा रहा है

इस टेली कॉलिंग कॉल सेंटर से 30 मार्च तक कॉलरों द्वारा प्रस्तुत 20 आवेदनों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम काटने, संशोधन और वोटर कार्ड प्राप्त नहीं होने से संबंधित जानकारी चाही गई थी, जिन्हें पूर्ण जानकारी और संलग्न दस्तावेजों की जानकारी प्रदान करते हुये शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण करा दिया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र प्राप्त नहीं होने के संबंध में कोई भी मतदाता 1950 कॉल सेंटर से टेली कॉलिंग के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । साथ ही लोकसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित जानकारी व शिकायत के लिये भी इस कॉल सेंटर में कॉल करने की सलाह दी गई है ।

**कैलवारा फाटक के समीप खिला रहे थे सट्टा, दोनो धरे गये**

# क्रिकेट सट्टा खिला रहे दो सटोरियों को पुलिस ने पकड़ा, मोबाइल व नकदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बस स्टैंड पुलिस चौकी क्षेत्र में क्रिकेट सट्टा खिलाते हुए दो आरोपी धरे गए। बस स्टैंड चौकी क्षेत्र में पकड़े गए दोनों आरोपी मोबाइल ऐप टेबल 247 और सिल्वर EXCH नामक ऐप के जरिए सट्टा खिलाते पकड़े गए है। पुलिस के द्वारा पकड़े गए सटोरियों से पूछताछ करते हुए सट्टे के नेटवर्क का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है। सटोरियों के पकड़े जाने के बाद इस व्यापार में शामिल अन्य सटोरिए चौकन्ने हो गए हैं और उन्होंने काम करने के तरीकों को बदल दिया है। पकड़े गए दोनों ही आरोपी माधव नगर निवासी हैं। माधव नगर क्षेत्र इन दिनो क्रिकेट सट्टा व्यापार का गढ़ बना हुआ है।



सट्टा व्यापार में लिप्त आरोपियों को पकड़ने के लिए की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए बस स्टैंड चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि आईपीएल की शुरुआत होते ही सट्टा व्यापार प्रारंभ होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा सट्टा व्यापार पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए। प्राप्त निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा एवं कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में सटोरियों को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमें लगाई गई।

मुखबिर की सूचना के आधार पर माधव नगर के रहने वाले 25 वर्षीय रोहित पिता राजकुमार झमनानी को नदीपार केलवारा फाटक के पास मोबाइल के जरिए क्रिकेट सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया। पकड़े गए स्टोरी के पास से एक रेडमी कंपनी का मोबाइल और 2100 नगद रूपयों के अलावा लाखों रुपए के लेनदेन का हिसाब किताब बरामद किया गया है।

इसी तरह एक अन्य कार्यवाही में पुलिस ने माधव नगर कुम्हार मोहल्ला निवासी 25 वर्षीय किशन पिता करौंदा वंशकार को शिवाजी नगर सर्कस मैदान के पास क्रिकेट सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया। आरोपी के पास से एक वीवो कंपनी का मोबाइल, 1300 रूपए नगद और लाखों रुपए के लेनदेन का हिसाब किताब जप्त किया गया है। जप्त किए गए हिसाब किताब के आधार पर नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के प्रयास किया जा रहे हैं।

### होली मिलन समारोह को बनाया यादगार



जिले के विभिन्न क्षेत्रों से होली मिलन को यादगार बनाने के लिए इकत्र हुये राजपूत भाइयों और बहिनों ने अबीर ग़ुलाल और रंगे-विरंगे रंगों के मध्य जमकर होली मिलन का लुफ्त उठाये। जिलाअध्यक्ष अनिल सिंग सेंगर के नेतृत्व में आयोजित होली मिलन समारोह के प्रथम चरण में माता सरस्वती की पूजा अर्चना के उपरांत वीर सिरोमणि महाराणा प्रताप और छत्रसाल महराज की विधिवत नारे लगाते हुये पूजा अर्चना की गयी। इस अवसर पर माँ पद्मावती को भी भरपूर मान सम्मान क्षत्रिय समाज के उपस्थित जन सैलाब द्वारा दिया गया। होली मिलन के अवसर पर लोकगीत, फाग गीत,कर्मा, और तरह तरह के मनमोहक फ़िल्मी गीत, भजन और चुटकुलों ने होली मिलन को यादगार बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़े।

# निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को देना होगा घोषणा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव ड्यूटी में तैनात प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि वो वर्तमान चुनाव में किसी प्रत्याशी का नजदीकी रिश्तेदार नहीं है। चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को यह जानकारी घोषणा पत्र के निर्धारित प्रारूप में देनी होगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव ड्यूटी में तैनात प्रत्येक कर्मचारी या अधिकारी को घोषणा पत्र में इस आशय की घोषणा करनी होगी कि चुनाव लड़ रहे किसी भी प्रत्याशी से उसका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई संबन्ध नहीं है। यदि वह किसी प्रत्याशी का नजदीकी रिश्तेदार है तो उसे घोषणा पत्र में उस प्रत्याशी का नाम बताना होगा। इसके साथ ही उसे प्रत्याशी से रिश्ते की जानकारी भी घोषणा पत्र में देनी होगी।

जिला निर्वाचन कार्यालय ने इस बारे में सभी कार्यालय प्रमुखों तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी में तैनात सभी कर्मचारियों-अधिकारियों का घोषणा पत्र शीघ्र निर्वाचन कार्यालय को भेजने के निर्देश दिये हैं।

**उम्मीदवार को शपथ पत्र के सभी कॉलम भरना अनिवार्य**

**कटनी।** लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार को प्रारूप 26 में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शपथ पत्र में उम्मीदवार के नाम पर विदेश में कोई संपत्ति है तो विदेश में जमा राशि, अपनी चल अचल संपत्ति का ब्यौरा भी देना अनिवार्य है। शपथ पत्र में उसे अपना पेन नम्बर भी देना होगा। यह शपथ उसे पब्लिक नोटरी या कमिश्नर अथवा प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के समक्ष लेनी है। शपथ पत्र का कोई कॉलम भी खाली नहीं छोड़ना है। शपथ पत्र नामांकन की अंतिम तिथि के दिन 3 बजे तक जमा किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय के निर्णय अनुसार यदि कोई अभ्यर्थी शपथ पत्र में कोई भी कॉलम खाली छोड़ता है एवं इस आशय की जानकारी यदि रिटर्निंग अधिकारी ने सूचना द्वारा अभ्यर्थी को दे दी है एवं इस सूचना उपरांत भी अभ्यर्थी अपने शपथ पत्र में कॉलम पूर्ण नहीं भरता तो नाम-निर्देशन पत्र निरस्त कर दिया जाएगा।

**कई बार शिकायत करने के बाद भी नहीं हो पा रहा भुगतान**

# तीन महीने बाद भी किसानों को धान विक्रय का नहीं मिल पा रहा पैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

उमरियापान के दर्जन भर किसानों को दो महीने बाद भी धान बेचने का पैसा नहीं मिला। धान खरीदी बंद होने के बाद तीन महीने बीत चुके, इतना समय बीत जाने के बाद किसानों के खाते में रुपये नहीं पहुँचने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।किसानों ने अनेकों बार अधिकारियों से इसकी शिकायत की,लेकिन किसानों की परेशानी कम नहीं हुई है।

किसान प्रदीप चौरसिया, कृष्णकांत चौरसिया, दुर्गा बाई पटेल,भारत झारिया,राजेंद्र लोधी, केशव असाटी,मुकेश कुम्हार,पलक लोधी,सुमंतो बाई और धनीराम सहित अन्य किसानों ने बताया कि उन्होंने अपनी उपज दिसम्बर महिने में उमरियापान विपणन सहकारी



समिति में बेची थी। सभी किसानों की कुल उपज 517.6 क्विंटल है। जिसका भुगतान करीब 16 लाख हैं। किसानों ने बताया कि उनके द्वारा लिया गया ऋण काट लिया गया है। जिसका मैसेज किसानों के मोबाइल पर आए हैं। लेकिन शेष बचा हुआ भुगतान किसानों को आज तक नही मिल पाया है। किसान आये दिन बैंकों और समिति के चक्कर काट रहे हैं। जिला मुख्यालय तक किसान पहुँचे है। धान बेचने की राशि अटकी होने की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। किसानों ने बताया कि धान बेचने के तीन महीने बाद भी किसानों के खाते में राशि नहीं पहुँची। किसानों के कर्जा लेकर गेंहू, चना की खेती किया। कुछ दिनों बाद गेंहू की उपज की कटाई होना है। खाद बीज भी किसानों ने उधार खरीदा। गेंहू खरीदी शुरू होने से इसका भुगतान भी तत्काल नही होगा। वित्तीय वर्ष भी समाप्ति की ओर है,अब तक किसानों के खाते में राशि न पहुँचने से किसान मायूस व हताश हैं। भुगतान नहीं होने से किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गयी है। किसानों ने बताया कि गेंहू की कटाई होने के बाद खेती के लिए बीज कैसे खरीदे, इसकी चिंता सताने लगी है। उन्होंने बताया कि पहले से ही किसानों के सिर पर कर्ज हैं। भुगतान नहीं होने से किसानों को दोहरा कर्ज उठाना पड़ता है। ऐसे में आये दिन दुकानदार भी किसानों को परेशान करते हैं। किसानों ने नॉन के अधिकारियों से जल्द ही भुगतान किए जाने की मांग किया है।

नान प्रबंधन का कहना है कि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले करीब चार सौ किसानों का भुगतान अटका हुआ है।भोपाल से ऐसे किसानों की सूची मांगी गई है,लेकिन सूची अभी नहीं मिली है। जिले से सारी प्रक्रियाएं पूरी हो गई है। सूची मिलते ही किसानों का भुगतान किया जाएगा।

## निर्देशों का उल्लंघन करने पर दल और अभ्यर्थियों पर होगी कार्यवाही

# उम्मीदवारों को अपराधिक प्रकरण के संबंध में घोषणा करना होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को यदि उस पर आपराधिक प्रकरण दर्ज है तो उसे अपने पूर्व के प्रचलित अपराधिक प्रकरण एवं दोषसिद्ध प्रकरण के संबंध में घोषणा करना होगी। आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक अभ्यर्थी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये प्रारूप एवं उसमें दिये गये सभी विवरण को भरेगा। यदि किसी अभ्यर्थी पर आपराधिक प्रकरण दर्ज है तो वह स्वयं पर लंबित अपराधिक प्रकरण के संबंध में बड़े अक्षरों में विवरण भरेगा। यदि ऐसा अभ्यर्थी किसी राजनैतिक दल द्वारा टिकिट दिये जाने पर निर्वाचन लड़ रहा है, तो उसे स्वयं पर लंबित या दोषसिद्ध अपराधिक प्रकरण के संबंध में उस राजनैतिक दल को सूचना देना अनिवार्य होगा।

संबंधित राजनैतिक दल अभ्यर्थी द्वारा दिये गये स्वयं पर अपराधिक प्रकरण की जानकारी स्वयं की वेबसाईट में दिखाये जाने हेतु बाध्य होंगे। साथ ही, अभ्यर्थी एवं संबंधित राजनैतिक दल इस संबंध में एक घोषणा जारी करेंगे,जिसे उनके द्वारा समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित एवं प्रकाशित कराना होगा। प्रकाशन करने से तात्पर्य नाम-निर्देशन पत्र भरने के पश्चात कम से कम तीन बार प्रकाशन स्थानीय तौर पर अधिक प्रसार संख्या वाले समाचार पत्रों में एवं टी.व्ही. चैनलों पर उनके द्वारा कराया जाना होगा। तीन बार का प्रकाशन अभ्यर्थिता वापसी के अंतिम दिन से चुनाव के 48 घंटे पूर्व की समय सीमा के दौरान कराना होगा। इस संबंध में आयोग द्वारा निर्धारित फार्मेट सी-1 में अपराधिक प्रकरणों की जानकारी की घोषणा होगी जिसे अभ्यर्थी द्वारा समाचार पत्र एवं टी.व्ही. चैनल में प्रकाशित एवं प्रसारित करवाया जाएगा।

फार्मेट सी-2 में अभ्यर्थी द्वारा राजनैतिक दल को स्वयं के अपराधिक प्रकरणों की जानकारी दिये जाने के संबंध में घोषणा की जाएगी, जिसका प्रकाशन राजनैतिक दल द्वारा स्वयं की वेबसाईट पर किया जाएगा। फार्मेट सी-3 में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा लिखित में संबंधित अभ्यर्थियों को, जिनके द्वारा अपने शपथ पत्र के फार्म 26 के कॉलम 5 एवं 6 में अपराधिक प्रकरण के बारे में घोषणा की है, उन्हे लिखित में निर्देश दिया जाएगा कि अपराधिक प्रकरण के संबंध में समाचार पत्र एवं टी.व्ही. चैनल में इसका प्रकाशन एवं प्रचार-प्रसार किया जाये। अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र भरते समय अपराधिक प्रकरण के संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर के सामने घोषणा करेगा कि मेरे द्वारा राजनैतिक दल को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है, जैसा कि फार्म - 26 के पैरा 6ए में वर्णित है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आपराधिक रिकार्ड वाले अभ्यर्थियों को उन समाचार पत्रों की प्रतियां निर्वाचन व्यय लेखे के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत करना होगी जिन समाचार पत्रों में उसके द्वारा आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा का प्रकाशन कराया गया है। इसी तरह राजनैतिक दलों को भी चुनाव समाप्त होने के 30 दिन के भीतर संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को इस संबंध में समाचार पत्रों की कतरन सहित अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा । ऐसा नहीं कर पाने की स्थिति में इसे विधि सम्मत निर्देशों का उल्लंघन माना जायेगा तथा संबंधित राजनैतिक दल और अभ्यर्थियों के विरूद्ध आयोग द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### दस हजार से अधिक का नकद भुगतान नहीं कर सकेंगे उम्मीदवार

लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय के किसी भी मद में किसी भी व्यक्ति या इकाई को दस हजार रूपये से अधिक का भुगतान नकद में नहीं कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार उम्मीदवार को अपने निर्वाचन व्यय के किसी मद पर दस हजार से अधिक की राशि का भुगतान रेखांकित या एकाउंट पेई चेक, ड्राफ्ट अथवा आरटीजीएस या एनईएफटी के माध्यम से ही करना होगा। निर्देशों में कहा है कि उम्मीदवारों अथवा राजनैतिक दलों द्वारा दस हजार रूपये से अधिक की राशि नगद के रूप में न तो खर्च की जा सकती है और न ही किसी से चंदे के रूप में ली जा सकती है।

# छोडो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशानुसार एवं जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं सी.ई.ओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता के तहत जिलेभर में स्वीप गतिविधियां संचालित की जाकर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

विगत दिवसों विकासखण्ड बहोरीबंद में विकासखण्ड समन्वयक अरविंद शाह के निर्देशन में ग्राम पंचायत जुझारी, मेवई, पड़वार, अमोच, तमुरिया, हथियागढ, कुडाखुर्द, पटना, पटना मढिया, बहोरीबंद, तथा विकासखण्ड रीठी में बरियापुर, इमलाज, बाधा, पौडी, निर्टरा एवं बिरूहली थनौरा सहित विकासखण्ड कटनी में विकासखण्ड समन्वयक बालमुकुंद मिश्रा के निर्देशन में विभिन्न ग्रामों बण्डा, लखापतेरी, पिपरौंध, बिछिया, पहाड़ी, घपई, तखला, घुघरा, हरदुआ, पौंसरा, बोहता, कूड़ो, खमतरा, कन्हवारा, पड़रिया, हिरवारा, जुझारी सहित शहर के विभिन्न स्थलों में दीवार लेखन के माध्यम से मतदाता जागरुकता को लेकर लेखन कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत मतदाता जागरुकता से संबंधित नारे दीवारों पर लिखे जा रहे हैं। ''मत लेना आपना अधिकार बदले मे ना लें उपहार'' ''सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो'', ''वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है'', लाना नहीं नियत में खोट, नोट से बढ़कर होता है वोट, इस तरह के मतदाता जागरुकता नारों का दीवार लेखन कर शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

## श्रद्धालुओं ने रंग-गुलाल से किया भगवान जागेश्वरनाथ का अभिषेक



**बनवार** | जिले के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र - जागेश्वरनाथधाम बांदकपुर में - रंगपंचमी पर भक्तों ने भगवान को - रंग-गुलाल अर्पित कर जमकर होली खेली। यहां पर रंगपंचमी पर अनोखी होली खेलने को पुरातन कालीन परंपरा है। यहां पर प्रदेश के विभिन जिलों से श्रद्धालु स्तंभू दिव्य शिवलिंग को रंग, ड़ गुलाल, से अभिषेक करने के लिए आते हैं। मंदिर ट्रस्ट द्वारा आसपास दर्जनों गांव की भजन मंडली को फागुनी गीत गाने के लिए आमंत्रित किया गया। जिनकी संगीतमयी धुन पर श्रद्धालु भक्ति में जमकर थिरके। इस दौरान भक्तों ने भगवान को रंग-गुलाल से अभिषेक किया। मंदिर प्रबंधन के राम कृपाल पाठक ने बताया की रंग पंचमी पर्व को जागेश्वरनाथ महादेव के पट 4 बजकर 30 मिनिट पर खुलते है और विधिवत पूजन के वाद भगवान को नए वस्त्र धारण किए जाते हैं। यहां पर रंगपंचमी पर रंग, गुलाल, को भगवान के साथ होली खेलने की परंपरा है। भांग प्रसाद वितरण करते हुए विशेष श्रृंगार किया जाता है हर साल हजारों श्रद्धालु यहां आकर भगवान के साथ होली खेलकर आर्शीवाद लेते हैं।

## मुनिश्री समय सागरजी का तेजगढ से विहार, आज अभाना में होगी आहारचर्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

रविवार को प्रथम निर्यापक श्रमण एवं भावी आचार्य श्री मुनिश्री समय सागर जी महामुनिराज का सासंघ कुंडलपुर की ओर तेजगढ ग्राम से विहार हो गया है रविवार को महामुनिराज समय सागर जी महाराज जी के 45 वे दीक्षांस समारोह के अवसर पर तेजगढ में नदी के पार प्राचीन जिनालय में चंद्रा प्रभु भगवान की वेदी प्रतिष्ठा कराई गई। साथ महामुनिराज समय सागर जी महाराज जी को तेजगढ में निवासरत हर्रई निवासी श्रीमती शकुन रमेश सिंघई, राजू सिंघई, सुनील मासाब, राजेश, नीलेश, रानू, अमित, अंकित, सोनू, अभी, अनि समस्त सिंघई परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ है। साथ रविवार को मुनिसंघ का विहार हो गया। जिनका रात्रि विश्राम ग्राम खमरियां में हुआ साथ संभवतः मुनिसंघ की अहारचर्या ग्राम अभाना में होगी। इस दौरान तेजगढ की सकल दिगम्बर जैन समाज के अलावा तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल सहित स्टाफ की भी उपस्थिति रही। ज्ञात हो कि शनिवार की सुबह मुनिसंघ तेजगढ पहुंचे थे। शनिवार को मुनिश्री समय सागर जी महाराज जी को अहारदान देने का सौभाग्य मुन्नानाल जैन, पवन कुमार जैन के परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ था।





### खबर संक्षेप

#### आज से श्रीमद् भागवत कथा

**दमोह।** स्थानीय सिविल वार्ड 7 मिक्की चँदेल के घर के पास मे आज 1 अप्रैल दिन सोमवार से दिव्य भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा का वाचन आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज करेगें.आयोजक अखण्ड रामायण महिला मंडल ने समस्त भक्तो से कथा श्रवणार्थ उपस्थिति का आग्रह किया है।

#### बिना फिटनेस वाले वाहनों में सफर न करें यह खतरनाक हो सकते हैं : कलेक्टर

**दमोह।** जिले में चार पहिया बस या बड़े वाहन हैं, जिनमें यात्री सफर करते हैं, उनके लिए एक प्रोटोकॉल है कि हर बस या चार पहिया वाहन की फिटनेस कराना आवश्यक है। यदि फिटनेस प्रमाण पत्र उसके पास है तभी वह सड़क पर चलने के लायक है। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जिन वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं है, उन वाहनों की सूची सार्वजनिक की गई है, वह सूची सोशल मीडिया पर भी डलवा दी गई है। पुलिस और परिवहन विभाग को ऐसे वाहन मिलने पर निर्देश दिए हैं कि ऐसे कोई भी वाहन सड़क पर दौड़ते हुए नहीं पाये जाने चाहिए और यदि मिलते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये, चालानी कार्रवाई और अन्य विधिक कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आमजन को भी ऐसे वाहन चलते हुए दिखाई देते हैं तो हमें इसकी सूचना दें इस तरह के वाहनों के नंबर देने का उद्देश्य यही है कि उन वाहनों में सफर न करें, यह आपके लिए खतरनाक हो सकते हैं। परिवहन व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए इन चीजों का आवश्यक ध्यान रखें।

### साईकिल सवार पिता पुत्र गंभीर, जबलपुर रेफर

## साइकिल को रौंदते हुए खेतों में घुसा डंपर, मासूम की मौत







#### तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के जबलपुर पाटन मार्ग पर नरगुवा के पास दर्दनाक हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

रविवार की सुबह जबलपुर पाटन मार्ग पर रफ्तार का कहर देखने को मिला है जहां एक तेज रफ्तार डंफर साइकिल से अपने खेत जा रहे पिता और दो पुत्रों को टक्कर मारते हुए खेतों में जा घुसा। घटना में एक 5 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई और 3 लोग हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है घटना की जानकारी लगते ही तेन्दूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है, और डंफर को जब्त करते हुए थाना परिसर में रखवाया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार सुबह 7 बजे जबलपुर पाटन की और से आ रहे तेज रफ्तार डंफर जो कि जबलपुर से बिकानेर राजस्थान जा रहा था उसी समय नरगुवा निवासी मनोज गौड़ अपने दो बेटों को साइकिल से अपने घर से खेत जा रहे जैसे ही नरगुवा घाट पहुंचा उसी समय जबलपुर की और से आ रहे तेज रफ्तार ने सड़क किनारे खड़े साइकिल सवार को टक्कर मारते हुए खेतों में जा घुसा, जिसमें शिवांश पिता मनोज गौड़ उम्र 5 वर्ष की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि मनीष पिता मनोज गौड़ उम्र 7 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान सड़क किनारे प्रसाधन के पिता को भी गंभीर चोटे आई है। वहीं घटना मे डंफर चालक भी हादसे में घायल हुए हैं हादसे में शिवांश और मनीष दोनों संगे भाई है जिसमें शिवांश गौड़ उम्र 5 वर्ष को डंफर चालक रौंदते हुए खेतों में जा पहुंचा और मनीष गौड़ उम्र 7 वर्ष का पैर डंफर के टायर की चपेट में आने से बुरी तरह से छतिग्रास्त हो गया हादसे में डंफर चालक देवेंद्र पिता गोपाल बरमन उम्र 36 वर्ष निवासी करमेता जबलपुर भी घायल हुए हैं साथ ही साइकिल सवार मनोज गौड़ उम्र 40 वर्ष भी घायल हुए हैं। चालक बताया जा रहा नशे में मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि डंफर चालक शराब के नशें में धुत होकर डंफर चला रहा था घटनास्थल को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि डंफर चालक ने बहुत बचाने का प्रयास किया लेकिन डंफर की रफ्तार अधिक होने के चलते साइकिल सवारों को रौंदते हुए सड़क पर खेतों में जा घुसा। घटना की जानकारी लगते ही तेन्दूखेड़ा थाना प्रभारी फेमिदा खान, उपनिरीक्षक रंजीत अहिरवार, आरके गोस्वामी, प्रधान आरक्षक महेश ठाकुर, आरक्षक राजेन्द्र लोधी सहित पुलिस स्टाप मौके पर पहुंचा पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## मुनिश्री सुधासागरजी की हटा में भव्य अगवानी




**हटा।** विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर में 16 अप्रैल को होने जा रहा आचार्य पदारोहण कार्यक्रम देश दुनिया के लिए इतिहास रचेगा। आचार्य विद्यासागर महाराज से दीक्षित सभी मुनि अलग चला के अधिकारी आदि कुंडलपुर पहुंच रहे हैं कुछ पहुंच गए हैं। सभी मुनि, आर्यिका संघों का कुंडलपुर पहुंचना निरंतर जारी है। इसी श्रृंखला में रविवार की सुबह बुंदेलखंड की काशी हटा नगरी में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य जगत पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज का ससंघ भव्य मंगल प्रवेश हुआ ।इस अवसर पर स्थानीय सिविल अस्पताल के सामने मुनि संघ की भव्य अगवानी की गई। गाजे-बाजे के साथ मुनिसंघ को एक विशाल जुलूस के साथ मुख्य मार्गों से होकर जगह-जगह मुनि श्री का पाद प्रक्षालन हुआ ,रंगोली पूरे रास्ते भर सजाई गई ,आरती की गई, बंदनवार लगाए गए, स्वागत गेट से नगर को सजाया गया ।रास्ते में सर्व समाज ने मुनि श्री को नमन वंदन किया स्वागत किया गया। मुनि संघ श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पहुंचा ।जहां मुनि श्री के मंगल प्रवचन हुए। जयकुमार जलज ने बताया कि मुनि श्री की आहार चर्या हेतु दर्जनों चौके लगाए गए। सायंकाल मुनि श्री का लोकप्रिय कार्यक्रम जिज्ञासा समाधान हुआ। जिसमें लोगों द्वारा अपनी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। मुनि श्री ने नगर के चारों जिन मंदिरों की वंदना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सकल जैन समाज हटा का सराहनीय सहयोग रहा।

### सिंगपुर ग्राम में पान की खेती करने वाले कृषक परेशान

## बारिश व ओलावृष्टि से पान बरेजे गिरने से लाखों रुपयों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

जनपद जबेरा के ग्राम सिंगपुर में तेज हवाओं के हुई बारिश ओलावृष्टि के चलते पान बरेजे गिर जाने से किसानों को लाखों रुपये की क्षति हुई है। किसानों ने सुबह से ही एकजुट होकर देखा तो सारे पान बरेजों की बांस की बनी टटियां जमीन में बिछी पड़ी थी जिससे पान फसल को भारी नुकसान हुआ है। जिले में सिंगपुर गांव पान की खेती की जाती है। और सालाना आंधी तूफान तेज व ओलावृष्टि से पान की फसल बर्बाद हो जाती है। जिससे तमाम पान की खेती से जुडे. कृषकों ने अपना पुश्तैनी कारोबार छोड़ने को मजबूर होते जा रहे है और धीरे धीरे। सैकड़ों एकड़ होने वाली पान की खेती अब पान की फसल चंद एकड़ में सिमट कर रह गई है प्रकृति के प्रकोप से सहमे किसान अब थोड़ी बहुत जमीन पर ही पान की खेती कर रहे हैं। शनिवार की रात में आई तेज हवाओं वारिस नेक नारायण चौरसिया सुभाष चौरसिया शुभम चौरसिया पान किसानों के सारे के सारे पान बरेजें तूफान बारिश ओलावृष्टि के भेंट चढ़ गए है। इन्ही पान की खेती से इन किसानों की रोजी-रोटी चलती थी पान की खेती एकमात्र आमदनी का साधन था जो पूरी तरस नष्ट हो गया है किसानों ने शासन प्रशासन से तूफान बारिश ओलावृष्टि से पान की फसलों को हुई क्षतिपूर्ति का सर्वे करा कर मुआवजा राशि देने की मांग की है। किसानों कहना है कि करीब पांच से छह लाख रुपये से ज्यादा की पान फसल बर्बाद हुई है। आज सुबह से ही पान किसान पान बरेजों को देखने पहुंचे पान की फसल पूरी बर्बाद हो गई जमीन पर गिरे पान बरेजों में देखा तो पान की फसल कुछ भी काम का शेष नहीं बचा है।



### कलेक्टर पहुचे ओबीसी छात्रावास छात्रों से की चर्चा

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर प्रातः पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के द्वारा संचालित चैनपुरा दमोह के ओबीसी छात्रावास आकस्मिक रुप से पहुँचे। उन्होंने छात्रों से चर्चा की और मूलभूत सुविधाओं के सबन्ध में जानकारी ली। यह 100 सीटर छात्रावास है। यहाँ वर्तमान में लगभग 75 से 80 छात्र यहां पर अध्यनरत है। इस सबन्ध में कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि छात्रावास में छात्रों से चर्चा की। उन्होंने कहा चर्चा करने से कुछ चीज सामने आई हैं, जिनमें सुधार की बहुत आवश्यकता थी इसके लिए पिछड़ा वर्ग की सहायक संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। साथ ही छात्रावास अधीक्षक अनुपस्थित पाए गए थे उनके खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। श्री कोचर ने कहा आगे भी इस तरह के निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे।

## यातायात नियमों का पालन न करने वालों के काटे चालान

### ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की चेकिंग की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह




जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं एवं कुंडलपुर में हो रहे धार्मिक आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा,नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी,आरटीओ क्षितिज सोनी एवम यातायात निरीक्षक दलबीर सिंह मार्को द्वारा संयुक्त रूप से कुमेरिया, सागर रोड में वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान भारी वाहन ,यात्री बस ,चार पहिया एवम दो पहिया वाहनों को चेक किए गए । साथ ही वाहन चालकों के ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले 18 वाहन चालकों से₹ 12900 का समन शुल्क वसूला गया। एक आयशर वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाए जाने पर गाड़ी जप्त कर थाना यातायात में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है जिसका प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष निराकरण हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। यातायात पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की कि नशे की हालत में किसी भी प्रकार का वाहन न चलाएं। वाहन के वैध दस्तावेज सदैव साथ रखें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन चलाते समय सामने वाली गाड़ी से आवश्यक ब्रेकिंग डिस्टेंस बनाकर रखें। रात के समय वाहन चलाते समय डिपर लाइट का प्रयोग करें। निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन न करें। 18 वर्ष के पूर्व एवं बिना वैद्य लाइसेंस के किसी प्रकार के वाहन ना चलाएं और न ही चलाने दे। यात्री वाहनों एवं माल वाहनों में ओवरलोडिंग ना करें। माल वाहनों में सवारी न बैठाएं। यातायात संकेत एवं यातायात नियमों का पालन करें।

## यातायात व्यवस्था बनाये रखने ली व्यापारियों की बैठक



**पटेरा।** कुण्डलपुर में आगामी आचार्य पद पदारोहण महोत्सव में यातयात व्यवस्था बाधिन न हो इस हेतू वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पटेरा तहसीलदार शैलेन्द्र बिहारी शर्मा, पटेरा थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बस स्टेण्ड से हटा तिराहा क्षेत्र के व्यापारियों की बैठक बुलाकर सभी से चर्चा की व टीन शेड के बाहर किसी भी प्रकार का सामान न रखने वाहन सड़क पर खड़ा न करने सहित अनेक व्यवस्थाओं में सहयोग की बात कही। व्यापारियों ने अपनी सहमति प्रदान की। परिषद व तहसील सहित परिषद कर्मियों ने चूना से सीमा खींच कर उसी के अंदर अपना कारोबार जमाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सभी व्यापारी मौजूद रहे जिन्होने सहयोग करने की बात कही।

## 63 लीटर अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार



**हटा।** आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने से पुलिस अधीक्षक श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप मिश्र के मार्गदर्शन में एसडीओपी नितेश पटैल के निर्देशन में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत हटा थाना क्षेत्र अंर्तगत थाना प्रभारी मनीष कुमार के द्वारा पृथक-पृथक टीमें गठित कर अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही हेतु लगाया गया था जहां मुखबिर की सूचना पर ग्राम कुलुआकला में श्यामलाल पिता रामप्रसाद पटैल अपने मकान के खुले कमरे में देशी शराब रखे हुये था जहां घेराबंदी कर उप निरीक्षक एस दुबे एवं थाना स्टाफ के द्वारा रेड कार्यवाही करते हुए 63 लीटर देशी अवैध शराब बरामद कर आरोपी श्यामलाल पटैल पिता रामप्रसाद पटेल उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम कुलुआकला को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 155/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जहां पुलिस द्वारा आरोपी श्यामलाल पटैल को माननीय न्यायालय जेएमएफसी हटा के समक्ष पेश किया जावेगा। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक एस जी दुबे, प्र आर 397 अखिलेश तिवारी, आर 727 के के लोधी, आर 577 गौरव मिश्रा, आर 621 मनीष पटेल, आर 33 श्रीराम प्रजापति, आर 192 लोकेश, आर 742 दीपक की उल्लेखनीय भूमिका रही।